शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला ,जिला बेमेतरा

/अत्यावश्यक सूचना/

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय के स्नातक प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा 2020 हेतु नियमित छात्रों से होम असाइनमेंट लिया जाना है इस हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किए जा रहे हैं । होम असाइनमेंट केवल स्नातक बीए /बीएससी/ बीकॉम प्रथम वर्ष के सभी **नियमित** विद्यार्थियों से लिया जाना है। होम असाइनमेंट शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला जिला बेमेतरा की वेबसाइट http://govtcollegeberla.in/ पर उपलब्ध रहेगा। होम असाइनमेंट ईमेल के माध्यम से लिया जाना है छात्र होम असाइनमेंट अपनी स्वयं की कॉपी में बना कर प्रश्न पत्र में दिए गए mail एड्रेस पर मेल करेंगे ।उत्तर पुस्तिका के ऊपर निम्न जानकारी स्पष्ट अक्षरों में लिखेंगे -:

1.शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, जिला बेमेतरा

2. छात्र/ छात्रा का नाम , पिता का नाम ,रोल नंबर, कक्षा, विषय ,प्रश्नपत्र (प्रथम या द्वितीय) ,प्रश्न पत्र का नाम, छात्र /छात्रा के हस्ताक्षर आदि। प्रारूप नीचे दिया गया है।

3.प्रवेश पत्र की प्रतिलिपि सभी लगाएं ।

4.उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ नंबर लिखेंगे ।उत्तर पुस्तिका पूर्ण करने के बाद क्रमानुसार सभी पृष्ठों की फोटो खींचकर मेल करेंगे सभी प्रश्नों पर रोल नंबर एवं नाम लिखेंगे उत्तर पुस्तिका की इमेज या फोटो या पीडीएफ फाइल जमा कर सकते हैं ।

5.प्रत्येक प्रश्नपत्र(प्रथम एवं द्वितीय) के लिए उत्तर की अलग फाइल बनाकर अलग-अलग मेल करना है फाइल का आकार ज्यादा होने पर यदि एक बार में मेल नहीं हो रहा है तो दो फाइल बनाकर मेल करें ।उत्तर क्रमांक स्पष्ट लिखें।

6.किसी भी स्थिति में होम असाइनमेंट जमा करने महाविद्यालय नहीं आना है किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विषय प्राध्यापक से संपर्क करें ।

7.उत्तर संक्षिप्त में (200 से 300 शब्दों)लिखे जिससे फ़ाइल का आकार ज्यादा न हो ।उत्तर पुस्तिका अपने पास सुरक्षित रखें महाविद्यालय से निर्देश मिलने पर जमा करना होगा। उत्तर पुस्तिका मेल करने की अंतिम तिथि दिनांक 10 अगस्त 2020 है ।

शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़
छात्र/ छात्रा का नाम
पिता का नाम
अनुक्रमांक
कक्षा
विषय
प्रश्न पत्र
प्रश्न पत्र का नाम
मोबाइल नंबर
ईमेल
छात्र-छात्रा के हस्ताक्षर